क्षमावाणी

क्षमा याचना या क्षमा करना दों प्राणियों की सम्मिलित क्रिया नहीं है। यह एकदम व्यक्तिगत चीज है, स्वाधीन क्रिया है। क्षमावाणी एक धार्मिक परिणति, आध्यात्मिक क्रिया है। उसमें पर के सहयोग वा स्वीकृति की आवश्यकता नहीं है। यदि हम क्षमाभाव धारण करना चाहते हैं, तो उसके लिये यह आवश्यक नहीं कि जब कोई हमसे क्षमायाचना करें, तब ही हम क्षमा कर सकें अर्थात् क्षमा धारण कर सकें। अपराधी द्वारा क्षमायाचना नहीं किये जाने पर भी उसे क्षमा किया जा सकता है, यदि ऐसा नहीं होता तो फिर क्षमा धारण करना पराधीन हो जाता।

यदि किसी ने हमसे क्षमायाचना नहीं की, तो उसने स्वयं की मानकषाय का त्याग नहीं किया और यदि हमने उसके द्वारा क्षमायाचना किये बिना ही क्षमा कर दिया तो हमने अपने क्रोधभाव का त्याग कर उसका नहीं, बल्कि अपना ही भला किया है। इसीप्रकार हमारे द्वारा क्षमायाचना करने पर भी यदि कोई क्षमा नहीं करता है तो क्रोध का त्याग न करने से उसका बुरा होगा। हमने तो क्षमायाचना द्वारा मान का त्याग कर, अपने में मार्दवधर्म प्रकट कर ही लिया। उसके द्वारा क्षमा नहीं करने से, क्षमा माँगने से होने वाले लाभ से हम वंचित नहीं रह सकते।

यही कारण है कि आचार्यों ने अन्य जीवों द्वारा क्षमायाचना की प्रतीक्षा किये बिना ही सब जीवों को अपनी ओर से क्षमा करके तथा 'कोई क्षमा करेगा या नहीं' – इस विकल्प के बिना ही सबसे क्षमायाचना करके अपने अन्त:स्थल में उत्तम क्षमा–मार्दवादि धर्मों को धारण कर लिया।

कोई जीव हमसे क्षमा माँगे, चाहे नहीं; हमें क्षमा करे, चाहे नहीं; हम तो अपनी ओर से सबको क्षमा करते हैं और सबसे क्षमा माँगते हैं – इसप्रकार हम तो अब किसी के शत्रु नहीं रहे और न हमारी दृष्टि में कोई हमारा शत्रु रहा। जगत हमें शत्रु माने तो माने, जाने तो जाने; इससे हमको क्या ? और हमारा दूसरे की मान्यता पर अधिकार भी क्या है ? हम तो अपनी मान्यता सुधार कर अपने में जाते हैं, जगत की जगत जाने – ऐसी वीतराग परिणति का नाम ही सच्चे अर्थों में क्षमावाणी है।

– धर्म के दशलक्षण, पृष्ठ : 180–181

वीतराग–विज्ञान

वीतराग–विज्ञान ही, तीन लोक में सार।
वीतराग–विज्ञान का , घर–घर होय प्रसार।।

वर्ष : २५ २७८ अंक : २

प्रवचनसार पद्यानुवाद

आचरणप्रज्ञापनाधिकार

इहलोक से निरपेक्ष यति परलोक से प्रतिबद्ध ना।
अर कषायों से रहित युक्ताहार और विहार में।।२२६।।
चार विकथा कषायें अर इन्द्रियों के विषय में।
रत श्रमण निद्रा–नेह में परमत्त होता है श्रमण।।३१।।•
अरे भिक्षा मुनिवरों की ऐसणा से रहित हो।
वे यतीगण ही कहे जाते हैं अनाहारी श्रमण।।२२७।।
तनमात्र ही है परिग्रह ममता नहीं है देह में।
शृंगार बिन शक्ति छुपाये बिना तप में जोड़ते।।२२८।।
इकबार भिक्षाचरण से जैसा मिले मधु–मांस बिन।
अधपेट दिन में लें श्रमण बस यही युक्ताहार है।।२२९।।
पकते हुए अर पके कच्चे माँस में उस जाति के।
सदा ही उत्पन्न होते हैं निगोदी जीव वस।।३२।।•
जो पके कच्चे माँस को खावें छुयें वे नारि–नर।
जीवजन्तु करोड़ों को मारते हैं निरन्तर।।३३।।•
जिनागम अविरुद्ध जो आहार होवे हस्तगत।
नहीं देवे दूसरों को दे तो प्रायश्चित योग्य है।।३४।।•
मूल का न छेद हो इस तरह अपने योग्य ही।
वृद्ध बालक श्रान्त रोगी आचरण धारण करें।।२३०।।

• आचार्य जयसेन की टीका में प्राप्त ३१–३४ गाथायें

ह्न डॉ. हुकमचन्द भारिल्ल

विषयों की रुचि नहीं होती

पूज्यपाद आचार्य श्री देवनन्दि के प्रसिद्ध ग्रन्थ इष्टोपदेश के 37 वें श्लोक पर हुए आध्यात्मिकसत्पुरुष श्री कानजीस्वामी के अध्यात्मरसगर्भित प्रवचनों का संक्षिप्त सार यहाँ दिया जा रहा है। मूल श्लोक इसप्रकार है –

यथा यथा समायाति संवित्तौ तत्त्वमुत्तमम्।
तथा तथा न रोचन्ते विषया: सुलभा अपि।।

जैसे-जैसे उत्तम तत्त्व अनुभव में आता है, वैसे-वैसे अतिसुलभ विषय भी रुचिकर नहीं लगते।

(गतांक से आगे...)

यहाँ शिष्य का प्रश्न है कि जिसे आत्मा का वेदन हुआ है, उसे किन लक्षणों से जाना जा सकता है ? तथा आत्म-वेदन में उन्नति हो रही है या नहीं, इसको कैसे जाना जा सकता है ?

प्रश्न के उत्तरस्वरूप आचार्यदेव कहते हैं कि जिसे निज आत्मा का वेदन हुआ है; उसे संसार के भोग अच्छे नहीं लगते तथा पुण्योदय से प्राप्त रमणीय विषय-भोगों में भी उसकी रुचि नहीं होती। उसे आत्मानुभव के अलौकिक आनन्द के समक्ष बाह्य जगत की समस्त वस्तुयें तुच्छ भासित होती हैं।

भगवान शान्तिनाथ चक्रवर्ती राजा थे। उन्हें 96 हजार रानियों का उपभोग था; किन्तु वैराग्यभाव प्रगट होते ही वे दीक्षा लेने हेतु निकल पड़े। रानियाँ गला फाड़-फाड़कर रोने लगीं। तब उन रानियों से शान्तिनाथस्वामी कहते हैं कि अरे स्त्रियों ! हमें संसार के भोगों की रुचि तो थी नहीं, थोड़ा-बहुत अस्थिरता संबंधी राग था; अत: संसार में रुके हुये थे; किन्तु अब यह अस्थिरता का राग भी मर चुका है; अत: संसार से कुछ भी संबंध नहीं है।

ज्ञानी कहते हैं कि दुनिया में ज्यादा सुख प्राप्त होने पर अल्प सुख के कारणों में किसी को आदरभाव नहीं वर्तता। घी में तले हुये पकवान मिल जाये तो ज्वार की रोटी कौन खायेगा ? चक्रवर्ती का राज्य मिल जाये तो छोटे-मोटे राज्य को कौन चाहे ? शहर में बड़ा मकान मिल जाये तो गाँव में कौन रहेगा ? उसीप्रकार जिसे आत्मा के स्वरूप का श्रद्धान-ज्ञान और वेदन हो गया हो, उसे बाह्य भोगों में रुचि

कैसे हो सकती है अर्थात् बाह्य विषय-भोग उसके लिये तुच्छ ही हैं।

शास्त्रों में कहा है कि जिसका मन सुख-शांति में लीन हो चुका है, उसे बाह्य भोजनादि में रुचि नहीं होती। अरे ! एकबार शास्त्र बाँचनेमात्र का रस लग जाये तो फिर खाना-पीना आदि कुछ नहीं रुचता। विक्रम संवत् 82 में सबसे पहले हमें मोक्षमार्गप्रकाशक पढ़ने को मिला, तब इसे पढने में इतना आनन्द आता था कि अन्य कोई कार्य करने का विचार भी नहीं आता था।

इस ग्रन्थ में सीधी-सरल हिन्दी भाषा में अलौकिक वस्तुस्वरूप प्रकट किया है; अत: महिमा आती है। शास्त्र पढ़ने में ही इतना आनन्द आता है तो आत्मा के ज्ञान-श्रद्धान और आनन्द की क्या बात करना ? अन्य समस्त विषय तो दु:खरूप, संसार के कारण हैं। एकमात्र आत्मा ही सुखकारी है।

ज्ञानी के भोग निर्जरा का कारण है – ऐसा कहा जाता है। वस्तुत: भोग निर्जरा का कारण नहीं हैं। ज्ञानी जीव की दृष्टि में भोगों के प्रति आदरभाव नहीं है। उसे तो भोग विष के समान भासित होते हैं, अत: दृष्टि के जोर की अपेक्षा से भोग को निर्जरा का कारण कहा है। वास्तव में जितना राग विद्यमान है, वह बंध का ही कारण है।

अपना आत्मा स्वयं के पास है, दूर नहीं; किन्तु अज्ञानदशा में दूर भासित होता है। जैसे ही दृष्टि पलटती है, आत्मा समीप दिखाई देता है। पाँच इन्द्रियों के विषय-भोगों के प्रति ज्ञानी जीव तो अन्तर से ही उदास रहता है।

यहाँ प्रश्न हो सकता है कि जब ज्ञानी विषयों से उदास है तो फिर उसे भोगादि से क्या काम ? उससे कहते हैं कि हे भाई ! विषयों को ज्ञानी भोगता नहीं है; बल्कि जब जड़ की क्रिया होती है, तब उसे मात्र जानता है। अरे, ज्ञानी ही क्या ? अज्ञानी जीव तक जड़ इन्द्रिय-विषयों को नहीं भोग सकता। वह तो केवल जड़ पदार्थों के राग में एकत्व करके सुख-दु:ख मानता है।

जिस माता का युवा पुत्र मर गया हो, उस माता को कैसे चैन पड़ेगा ? न खाने-पीने का मन करता है और न अन्य किसी कार्य में मन लगता है; क्योंकि उसके मन में यह बात बैठ गई है कि अरे ! मेरा पुत्र चला गया। उसीप्रकार ज्ञानी को ज्ञान और राग के बीच भेदज्ञान हो गया है। उसे परद्रव्य और राग में रुचि ही नहीं है।

अहो ! धर्मी जीव तो बार-बार अतीन्द्रिय आनन्द का वेदन-स्मरण करता है, उसे ही भोगता है, फिर अन्य विषयों का उसे कैसे स्मरण रहेगा ? धर्मी जीव ने तो

राग और आत्मा के बीच छैनी मार दी है। 'राग में आत्मा नहीं और आत्मा में राग नहीं' – ऐसे भेदज्ञानपूर्वक जिसे यथार्थ दृष्टि प्रगट हो गई है, उसे बाह्य जगत का समस्त व्यवहार छूट गया है तथा परपदार्थ और रागादि में उसे एकत्वपना भी नहीं है।

निमित्तादिक से लाभ-हानि माननेवाला जीव पराश्रितबुद्धिवाला है। सबकुछ छोड़ने पर भी उसने कुछ नहीं छोड़ा है; वास्तव में तो उसने धर्म ही छोड़ा है। कर्म से विकार होता है, इन्द्रियों से ज्ञान होता है – ऐसी पराश्रितदृष्टि वाले को स्वाश्रितदृष्टि कभी प्रगट नहीं हो सकती।

पूज्यपादस्वामी कहते हैं कि हे वत्स ! जिसप्रकार मछली को गरम रेत ही जला डालती है तो अग्नि की क्या बात कहें ? उसीप्रकार अकषायस्वभावी शांतस्वरूप में निमग्न ज्ञानी को शुभभाव ही दु:खरूप और आकुलतारूप लगते हैं तो अशुभभावों की बात ही क्या करें ? शुभ व अशुभ दोनों ही भाव आकुलतास्वरूप-दु:खरूप हैं, विकार हैं, आस्रव-बंध का कारण हैं। जिसने अबंधस्वरूप भगवान आत्मा का लक्ष्य किया है, उसे बंधभाव की क्या कीमत है ? अर्थात् कुछ भी नहीं।

इसप्रकार जिसे आत्मसंवित्ती अर्थात् आत्मानुभव प्रगट हुआ है, उसे विषयों की रुचि नहीं होती और जिसे विषयों की रुचि होती है, उसे आत्मसंवित्ति नहीं होती। इन्हीं लक्षणों से ज्ञानी-अज्ञानी की पहिचान होती है।

आत्मा में ही सुख है – ऐसा विश्वास होते ही बाह्य विषयों की सुखबुद्धि छूट जाती है, विषयों की रुचि भस्म हो जाती है। जिसे श्रद्धा-ज्ञान में आत्मा की झलक दिखाई देती है, उसे आत्मा की समीपता हो जाती है, फिर विषयों में रुचि कैसे हो सकती है ? अर्थात् नहीं हो सकती।

जिसने आत्म-मिठास का अनुभव ही नहीं किया और कहता है कि मुझे विषयों के प्रति अरुचि है तो उसकी यह बात पूर्णत: झूठी है; क्योंकि अपने स्वभाव की रुचि हुये बिना विषयों की रुचि छूटती नहीं है।

ज्ञानी को जैसे-जैसे विषयों की रुचि घटती जाती है, वैसे-वैसे आत्मसंवित्ति बढ़ती जाती है। यही आत्मसंवित्ति के उन्नति का क्रम है। जैसे-जैसे स्वभाव में एकाग्रता बढ़ती जाती है, वैसे-वैसे विषयों की आसक्ति घटती जाती है। यही शुद्धि की वृद्धि है – इसप्रकार ज्ञानी की संवित्ति का लक्षण और उसकी वृद्धि का क्रम बताकर आचार्यदेव ने शिष्य के प्रश्नों का जवाब दिया है।

विभाव पर्याय और स्वभाव पर्याय

परमपूज्य सर्वश्रेष्ठ दिगम्बराचार्य कुन्दकुन्द के प्रसिद्ध परमागम नियमसार की 15 वीं गाथा पर हुए आध्यात्मिकसत्पुरुष श्री कानजीस्वामी के अध्यात्मरसगर्भित प्रवचनों का संक्षिप्त सार यहाँ दिया जा रहा है।

गाथायें मूलत: इसप्रकार है ह्न

णरणारयतिरियसुरा पज्जाया ते विहावमिदि भणिदा।
कम्मोपाधिविवज्जियपज्जाया ते सहावमिदि भणिदा ।।15।।

मनुष्य, नारक, तिर्यंच और देवरूप पर्याय विभाव पर्याय कही गई है और कर्मोपाधिरहित पर्याय स्वभाव पर्याय कही गई है।

(गतांक से आगे...)

अहो ! समय-समय में तुझमें परिपूर्णता वर्त रही है। पूर्ण कारण जब देखो, तब तुझमें ही हाजिर है। बाहर में कारण की खोज में जाना पड़े – ऐसा नहीं है। संसारदशा में भी यह कारणपर्याय त्रिकाल वर्त रही है।

पण्डित बनारसीदासजी ने परमार्थ वचनिका में आगम पद्धति और अध्यात्म पद्धति का विवेचन किया है, उसमें यह बात स्पष्ट की है। वहाँ संसार अवस्था में त्रिकालवर्ती चार बोल बतलाये हैं।

आगमरूप कर्म पद्धति के दो प्रकार हैं – द्रव्यरूप और भावरूप।

(1) द्रव्यरूप आगम पद्धति अर्थात् पुद्गल कर्म की पर्याय।

(2) भावरूप आगम पद्धति अर्थात् जीव का विकारी भाव।

अध्यात्मपद्धति अर्थात् शुद्धचेतना पद्धति। इसके भी दो बोल हैं – द्रव्यरूप और भावरूप।

(3) द्रव्यरूप तो जीवत्व परिणाम हैं – वह जीवत्वरूप शुद्धचेतना परिणाम त्रिकाल है।

(4) भावरूप ज्ञान-दर्शनादि अनंत गुण परिणाम हैं। वे ज्ञानदर्शनादि भावरूप शुद्धचेतना परिणाम हैं। वे भी त्रिकाल वर्तते हैं, उनको जानने और मानने में मोक्षमार्ग

आ जाता है।

उपर्युक्त चारों पर्यायें संसार में त्रिकाल वर्तती हैं। प्रथम के दो बोल संसार में है, किन्तु मोक्ष में नहीं । ऊपर जो द्रव्यरूप और भावरूप शुद्धचेतना पद्धति कही है, उसका समावेश इसमें हो जाता है। द्रव्य की समय-समय की अखण्ड परिणति त्रिकाल वर्तती है। भगवान चैतन्य अपनी कारणशुद्धपरिणति में त्रिकाल विराज रहा है, वह परिपूर्ण है, उसकी परिणति में कभी अधूरापन नहीं है। ऐसी पूर्णता को माने तो पूर्ण बन जाये। अधूरा मानेगा वह अधूरा रहेगा। सिद्धपर्याय प्रकट हो जाये तब भी शुद्धकारणपरिणति तो ज्यों की त्यों पूर्ण ही रहती है - ऐसी कारणशुद्ध पर्याय है।

चैतन्य भगवान के साथ उसकी तैयार सुसज्जित हथियार जैसी कारणशुद्धपर्याय त्रिकाल पूर्ण पड़ी है, उसको देखने मात्र से संसार का नाश होकर मोक्ष प्रकट होता है।

ऐसा पूर्ण वस्तुस्वरूप है। ऐसी वस्तु तो गाने गाये जाने योग्य है। एकरूप धारावाही सपाटीपने चैतन्यसमुद्र विराज रहा है, यही निश्चय से पूज्य है। इसके आधार से प्रकट होनेवाला केवलज्ञान फलरूप कार्यपर्याय है। यह कारणशुद्धपर्याय फलरूप नहीं है, इसके आश्रय से जो कार्य शुद्धपर्याय प्रकट होती है, वह फलरूप है। उसका वर्णन अब करते हैं।

सादि-अनंत, अमूर्त्त, अतीन्द्रिय स्वभाववाला शुद्धसद्भूतव्यवहार से केवलज्ञान-केवलदर्शन-केवलसुख-केवलशक्तियुक्त फलरूप अनन्तचतुष्टय के साथवाली अर्थात् अनन्तचतुष्टय के साथ तन्मयपने रहनेवाली परमोत्कृष्ट क्षायिकभाव की शुद्ध परिणति ही कार्यशुद्धपर्याय है।

(1) कारणशुद्धपर्याय अनादि-अनंत है, पर कार्यशुद्धपर्याय सादि-अनंत है।

(2) कारणशुद्धपर्याय अमूर्त्त है, उसीप्रकार कार्यशुद्धपर्याय भी अमूर्त्त है।

(3) कारणशुद्धपर्याय अतीन्द्रिय है, उसीप्रकार कार्यशुद्धपर्याय भी अतीन्द्रिय है।

(4) कारणशुद्धपर्याय को त्रिकाल कर्म की उपाधि नहीं; और इस कार्यशुद्धपर्याय को प्रकट होने के बाद कर्म की उपाधि नहीं।

(5) कारणशुद्धपर्याय सहज शुद्धनिश्चय का विषय है और यह कार्य शुद्धपर्याय सद्भूतव्यवहार का विषय है।

(6) कारणशुद्धपर्याय त्रिकाल सहजज्ञान, दर्शन, चारित्र और सुख ऐसे स्वभाव चतुष्टय के साथ वर्तती है और यह कार्यशुद्धपर्याय केवलज्ञान-दर्शन, सुख और वीर्य ऐसे चतुष्टय के साथ अभेद वर्तती क्षायिकभावरूप उत्कृष्ट परिणति है। (यहाँ कार्य चतुष्टय में वीर्य को लिया है और कारणचतुष्टय में सुख को लिया है)

अहो ! जंगल में बैठे-बैठे मुनियों ने सिद्धसदृश अपने आत्मा के साथ आनंद भोगते हुये, उसे बाहर प्रकट किया है। त्रिकाल शुद्धस्वभावरूप चैतन्य भगवान राजा और उसकी कारणशुद्धपरिणतिरूप रानी - यह दोनों त्रिकाल साथ-साथ विराजमान हैं। प्रवचनसार के चरणानुयोग अधिकार में शुद्धपरिणतिरूपी स्त्री कही है, वह तो प्रकट हुई निर्मल पर्याय को कहा है; परन्तु यह कारणशुद्धपरिणतिरूपी स्त्री तो त्रिकाल ही चैतन्य के साथ-साथ है। इसी में से केवलज्ञानादि कार्य प्रकट होते हैं।

जो स्वभाव अनन्तचतुष्टय प्रकट हुआ उसके साथ सभी गुणों की परिणतियों को क्षायिकभाव में अभेदपने लेकर उनको शुद्धकार्यपर्याय कहा है। जो त्रिकाली अनन्तस्वभाव चतुष्टय कहा, उसमें भी प्रत्येक गुण की सहज पर्याय समाविष्ट है अर्थात् साथ ही है; परन्तु कारणशुद्धपर्याय में तो सभी अभेद हो जाता है अर्थात् उसमें तो सभी गुणों की त्रिकाली शुद्धपरिणति आ जाती है।

इसप्रकार यहाँ स्वभाव पर्याय में कारणशुद्धपर्याय और कार्यशुद्धपर्याय ऐसे दो भेद कहे हैं। उसकी व्याख्या पूर्ण हुई। **(क्रमशः)**

वह घर धन्य है

अरे भाई! तुझे आत्मा के तो दर्शन करना नहीं आता और आत्मा के स्वरूप को देखने हेतु दर्पण के समान जिनेन्द्रदेव के दर्शन भी तू नहीं करता तो तू कहाँ जायेगा? भाई ! जिनेन्द्र भगवान के दर्शन-पूजन भी न करे और अपने को जैन कहलावे - ये तेरा जैनपना कैसा? जिस घर में प्रतिदिन भक्तिपूर्वक देव-गुरु के दर्शन-पूजन होते हैं, मुनिवरों आदि धर्मात्माओं को आदरपूर्वक दान दिया जाता है; वह घर धन्य है, इसके बिना घर तो श्मशानतुल्य है। अरे! वीतरागी सन्त अधिक क्या कहें ? ऐसे धर्मरहित गृहस्थाश्रम को तो हे भाई! समुद्र के गहरे पानी में तिलाञ्जलि दे देना, नहीं तो यह तुझे डुबो देगा। **- श्रावक धर्मप्रकाश, पृष्ठ 92**

छहढाला प्रवचन

अपना हित चाहनेवालों..सुनो

ताहि सुनो भवि मन थिर आन, जो चाहो अपनो कल्याण।
मोह महामद पियो अनादि, भूल आप को भरमत वादि ।।२।।

(सुप्रसिद्ध आध्यात्मिक विद्वान दौलतरामजीकृत छहढाला पर गुरुदेवश्री के प्रवचन पाठकों के लाभार्थ यहाँ प्रस्तुत किये जा रहे हैं।)

अब यहाँ इस दूसरे छन्द में शिष्य से गुरु कहते हैं कि हे भव्य ! आत्मकल्याण के लिए तू इस उपदेश को सावधान होकर स्थिरचित्त से श्रवण कर। अहो, वीतरागमार्गी दिगम्बर संत-मुनि-गुरुओं ने जीवों के हित के लिए वीतराग-विज्ञान का उपदेश दिया है, उसे हे भव्यजीवों ! तुम प्रेम से सुनो ।

यदि तुम अपना हित चाहते हो तो श्रीगुरु के इस हितोपदेश को मन स्थिर करके सुनो। 'हे भव्यजीवों ! हे मोक्ष के लायक जीवों ! हे अपने हित के चाहने वालों !' - ऐसा उत्तम सम्बोधन करके श्री गुरु अनुरोध करते हैं कि वीतराग-विज्ञान का यह उपदेश तुम ध्यानपूर्वक सुनो; दुःख से छूटने के लिए और मोक्षसुख पाने के लिए यह उपदेश उपयोग लगाकर सुनो। इससे अवश्य तुम्हारा हित होगा। अन्य विषयों से लक्ष्य हटाकर अपने हित की यह बात प्रेम से - उत्साह से सुनो।

श्री गुणधर आचार्यदेव ने **कषायप्राभृत** की १० वीं गाथा में **सुण** शब्द रखा है; उसका अर्थ करते हुए **जयधवला** टीका में श्री वीरसेनस्वामी लिखते हैं कि - 'शिष्य को सावधान करने के लिए गाथा सूत्र में जो **सुनो** पद कहा है, वह **'नासमझ शिष्य को व्याख्यान करना निरर्थक है'** - यह बतलाने के लिए कहा है।' जिनको समझने की दरकार ही नहीं, उन जीवों के लिए उपदेश नहीं दिया जाता; अपितु समझने की तमन्नावालों को कहते हैं कि तुम सुनो। जैसे पानी मँगाना हो तो उसके लिए घर के गाय-भैंस आदि पशु को नहीं कहा जाता कि तुम जल लाओ; क्योंकि उसमें ऐसी शक्ति नहीं है, किन्तु समझदार आठ वर्ष के बालक को जल लाने को कहने से वह समझ लेता

है; वैसे ही यहाँ आत्मा का स्वरूप समझने की जिनमें ताकत है, जिनको जिज्ञासा हुई है - ऐसे जीवों के लिए सन्तों उसकी बात सुनाते हैं एवं कहते हैं कि हे भव्य ! 'सुण' अर्थात् जो भाव हम कहते हैं, उसे तू लक्ष्य में ले। तब ही सच्चा श्रवण कहलाता है, जब वह भावों को समझे।

यहाँ भी कहते हैं कि **सुनो भवि मन थिर आन।** तुम्हारे हित की बात सुनो ! हे भाई ! दुःख से छूटने की एवं सुख पाने की ऐसी तेरे हित की यह बात हम तुझे सुनाते हैं, इसको तेरे हित के लिए सावधान होकर सुन ! दूसरी बात व दूसरा विकल्प छोड़ के वीतराग-विज्ञान की यह बात लक्ष्यपूर्वक सुन ! संसार का रस छोड़ के इस चैतन्य के वीतराग-विज्ञान में तत्पर हो !

देखो तो सही, सुननेवाले श्रोताओं के प्रति कितना अनुग्रह किया है ! अनुरोध करते हैं कि अरे जीवों ! यदि तुम अपना कल्याण चाहते हो, सुख या मोक्ष चाहते हो तो उसके लिए हमारे पास यह वीतराग-विज्ञान का उपदेश है, इसे तुम ध्यानपूर्वक सुनो ! इसके अतिरिक्त संसार में धन वगैरह कैसे मिले या रोगादिक कैसे मिटे ? उसका उपदेश हमारे पास नहीं है; राग तो दुःख है, उसका पोषक उपदेश हमारे पास नहीं है; हमारे पास तो सुख के पोषक वीतराग-विज्ञान का ही उपदेश है। इसकी जिसे चाहना हो, वे सुनो।

मात्र **सुनो** ऐसा ही नहीं कहा; अपितु स्थिरचित्त होकर सुनो और हित के अभिलाषी होकर सुनो कि अहो ! यह मेरे हित की कोई अपूर्व बात है। बैठे हो श्रवण करने को और मन को जहाँ-तहाँ भ्रमता हो - ऐसे जीव को श्रवण का लाभ कैसे होगा ? समयसार में कहा है कि दूसरा निष्प्रयोजन कोलाहल छोड़कर, सब विकल्प को छोड़कर एक अपने चैतन्यस्वरूप के अनुभव का ही अंतर में अभ्यास करे तो शीघ्र ही आत्मानुभव होगा। कितने समय में होगा? तो कहते हैं कि अधिक से अधिक छह मास में होगा; किसी को इससे भी अल्पकाल में हो सकता है।

अब यह दिखाते हैं कि संसार में अभी तक जीव ने क्या किया ? और वह दुःखी क्यों हुआ ? - **मोह महा मद पियो अनादि भूल आपको भरमत वादि।** देखो, यहाँ दुःख का मूल कारण दिखलाकर बाद में उसको दूर करने का उपाय

कहेंगे। **भूल आपको** अर्थात् स्वयं अपनी आत्मा को भूल करके अनादि से जीव संसारभ्रमण कर रहा है। मिथ्यात्वरूपी महामद पिया है; अतः अपने आप को भूल के जीव संसार में दुःखी हो रहा है। श्रीमद् राजचन्द्रजी ने कहा है कि **निज स्वरूप समझे बिना, पाये दुःख अनन्त।** जीव अपनी भूल से ही दुःखी है; भूल भी इतनी कि स्वयं अपने को ही भूल गया और पर को अपना माना। यह कोई छोटी-सी भूल नहीं; अपितु सबसे बड़ी भूल है। अपनी ऐसी महान भूल के कारण भान रहित होकर जीव चारों गतियों में घूम रहा है। ऐसा नहीं कि किसी दूसरे ने उसको दुःखी किया या कर्मों ने उसको रुलाया। सीधी सादी बात यह है कि जीव स्वयं निजस्वरूप को भूलकर अपनी ही भूल से रुला व दुःखी हुआ; जब सच्ची समझ के द्वारा वह अपनी भूल मेटे, तब उसका दुःख मिटे। अन्य किसी उपाय से दुःख नहीं मिट सकता। अतः मिथ्यात्व को दूर करना व सम्यक्त्व को प्रगट करना - यही सभी सन्तों की पहली सीख है।

मोक्षमार्ग प्रकाशक में कहा कि अज्ञानी जीव बाहरी सामग्री को दूर करने और बनाये रखने के उपाय द्वारा दुःख मेटना व सुखी होना चाहते हैं; किन्तु ये सब उपाय झूठे हैं। तो सच्चा उपाय क्या है? जब सम्यग्दर्शनादि से भ्रम दूर हो, तब बाह्य सामग्री से सुख-दुःख न दिखे और अपने परिणाम से ही सुख-दुःख दिखे। यथार्थ विचार के अभ्यास से उस सामग्री के निमित्त से सुखी-दुःखी न हो - ऐसा साधन करें और सम्यग्दर्शनादि की ही भावना से मोह मन्द होने पर ऐसी दशा हो जाये कि अनेक कारणों के मिलने पर भी इस जीव को उनमें सुख-दुःख का आभास न हो; इसप्रकार शांत रसरूप निराकुल होकर सच्चे सुख का अनुभव करे, तब ही सर्व दुःख मिटकर सुखी होवे। अतः यह सम्यग्दर्शनादि ही सुखी होने का सच्चा उपाय है। **(क्रमशः)**

धर्म तो आत्मा में प्रकट होता है, तिथि में नहीं; किन्तु जिस तिथि में आत्मा में क्षमादिरूप वीतरागी शांति प्रकट होती है, वही तिथि पर्व कही जाने लगती है। धर्म का आधार तिथि नहीं आत्मा है। **-धर्म के दसलक्षण,पृष्ठ-6**

ज्ञान गोष्ठी

सायंकालीन तत्त्वचर्चा के समय विभिन्न मुमुक्षुओं द्वारा
पूज्य स्वामीजी से पूछे गये प्रश्न और स्वामीजी द्वारा दिये गये उत्तर

प्रश्न : हमारी काललब्धि नहीं पकी - इसलिये सम्यग्दर्शन नहीं होता है न ?

उत्तर : नहीं, नहीं, ऐसा नहीं है। तुम्हारा पुरुषार्थ नहीं है; इसलिये सम्यग्दर्शन नहीं होता है। काललब्धि की भाषा (चर्चा) सुनकर धारणा कर ले और ऐसा बोले तो यह नहीं चलेगा। भगवान ने देखा होगा, तब सम्यग्दर्शन होगा - ऐसी धारणा से भी काम नहीं चलेगा। भगवान ने जो देखा है, उसकी प्रतीति माने उसका यथार्थ ज्ञान करे, यथार्थ निर्णय करे तो काम होगा। जब दृष्टि द्रव्यस्वभाव के ऊपर होती है तब उसकी काललब्धि भी पक गई है। पर के कार्य में तो उलटा पुरुषार्थ बराबर करता है और स्वयं के कार्य में काललब्धि का बहाना निकालकर पुरुषार्थ नहीं करता तो सम्यग्दर्शन कहाँ से होगा ?

प्रश्न : आप कहते हैं कि अकस्मात् कुछ नहीं होता; अत: ज्ञानी नि:शंक और निर्भय है; किन्तु समाचार-पत्र में तो अकस्मात् दुर्घटना के बहुत समाचार आते हैं।

उत्तर : जगत में अकस्मात् कुछ होता ही नहीं है। जिसद्रव्य की जो पर्याय जिसकाल में होना हो, वही होती है। देह छूटने का काल जिसक्षेत्र और जिसनिमित्त से हो, उसीप्रकार देह छूटती है। उलटा-सीधा या अकस्मात् किसी पदार्थ का परिणमन नहीं होता। सब परिणमन व्यवस्थित ही होता है।

प्रश्न : धर्म का मूल सर्वज्ञ है, उस सर्वज्ञ को माना - ऐसा कब कहा जाये ?

उत्तर : सर्वज्ञ द्रव्य की तीनकाल की पर्यायों को जानते हैं और वे पर्यायें जिससमय होनेवाली है, उसीसमय क्रमबद्ध होती है। क्रम तोड़कर नहीं होती है - ऐसा जब जानेगा तभी सर्वज्ञ को माना - ऐसा श्रद्धान किया जायेगा।

समाचार दर्शन -

लंदन (यू.के.) में ऐतिहासिक पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव सानन्द सम्पन्न

लंदन : पश्चिमी देश यू.के. की राजधानी लंदन के श्री कुचलेवा पटेल स्पोर्ट्स एण्ड कम्यूनिटि हॉल में श्री दिगम्बर जैन एसोसिएशन लंदन के तत्त्वावधान में शुक्रवार, दिनांक 4 अगस्त से बुधवार, 9 अगस्त, 2006 तक श्री महावीरस्वामी जिनबिम्ब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया।

त्रैलोक्य आनंदकारी इस महा महोत्सव में अन्तर्राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त डॉ. हुकमचन्दजी भारिल्ल के प्रासंगिक मार्मिक प्रवचनों के अतिरिक्त पण्डित रतनचन्दजी भारिल्ल, पण्डित विमलचन्दजी झांझरी उज्जैन, पण्डित अभयकुमारजी शास्त्री देवलाली, पण्डित वीरेन्द्रकुमारजी जैन आगरा, ब्र. हेमन्त ए. गाँधी सोनगढ़, पण्डित शैलेषभाई शाह तलौद, पण्डित बाबूभाई मेहता फतेपुर, डॉ. किरीट पी. गोसलिया फिनिक्स-अमेरिका के प्रवचनों का लाभ मिला।

महोत्सव की सम्पूर्ण प्रतिष्ठा विधि **प्रतिष्ठाचार्य बाल ब्र. पण्डित अभिनन्दनकुमारजी शास्त्री खनियांधाना** तथा सह-प्रतिष्ठाचार्य बाल ब्र. हेमन्तभाई गांधी सोनगढ़, पण्डित ऋषभजी शास्त्री छिन्दवाड़ा, पण्डित मनीषजी शास्त्री पिड़ावा, पण्डित संजयकुमारजी शास्त्री अलीगढ़ द्वारा सम्पन्न कराई गई। सम्पूर्ण प्रतिष्ठा विधि का निर्देशन पण्डित अशोककुमारजी लुहाड़िया अलीगढ़ एवं कार्यक्रमों का निर्देशन श्री पवनकुमारजी जैन अलीगढ़ ने किया।

लंदन की धरा पर बने विशाल ऐतिहासिक भव्य दिगम्बर जिनमंदिर में शासन नायक अंतिम तीर्थंकर भगवान महावीरस्वामी की धातुमय, भगवान महावीरस्वामी की 61 इंच उन्नत पद्मासन धवल पाषाणयुक्त मनोहारी एवं भगवान पार्श्वनाथ की मनोज्ञ प्रतिमायें पंचकल्याणक प्रतिष्ठा पूर्वक विराजमान की गईं। इसके अतिरिक्त जिनवाणी माता एवं पूज्य आचार्यों के साथ-साथ गुरुदेवश्री कानजीस्वामी आदि ज्ञानी धर्मात्माओं के चित्रपट भी स्थापित किये गये।

जन्म कल्याणक के अवसर पर विशाल कांच का पालना तथा 16 फीट ऊँचा ऐरावत हाथी विशेष आकर्षण का केन्द्र रहा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भगवान महावीर के जीवन पर आधारित लघु नाटिका, मंगलायतन द्वारा प्रस्तुत 'महारानी चेलना द्वारा धर्मप्रभावना' तथा लंदन मुमुक्षु मण्डल द्वारा प्रस्तुत 'भरत-बाहुबली संवाद' प्रमुख थे।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों का निर्देशन पं.संजयजी शास्त्री एवं श्रीमती वीणा जैन देहरादून ने किया।

महोत्सव को सफल बनाने में श्री दिगम्बर जैन स्वाध्याय मंदिर ट्रस्ट सोनगढ़, तीर्थधाम मंगलायतन अलीगढ़, पण्डित टोडरमल स्मारक ट्रस्ट जयपुर, श्री कहान-राज सर्वोदय ट्रस्ट मुम्बई, श्री दिगम्बर जैन मुमुक्षु मण्डल नैरोबी, पूज्य गुरुदेवश्री कानजीस्वामी स्मारक ट्रस्ट देवलाली, श्री कुन्दकुन्द परमागम मंदिर ट्रस्ट सोनागिरि, आत्मार्थी ट्रस्ट दिल्ली, श्री कुन्दकुन्द प्रवचन प्रसारण संस्थान उज्जैन, श्री सत्श्रुत प्रभावना ट्रस्ट भावनगर, चैतन्यधाम-अहमदाबाद, श्री जैन स्वाध्याय मंदिर सोनगढ़-अमेरिका आदि संस्थाओं का विशेष सक्रिय सहयोग रहा। **(शेष पृष्ठ-32 पर...)**

डॉ. हुकमचन्द भारिल्ल विद्वत्परिषद् के नए अध्यक्ष

जयपुर (राज.) : प्रातःस्मरणीय पूज्य गणेशप्रसादजी वर्णी द्वारा स्थापित श्री अखिल भारतवर्षीय दि. जैन विद्वत्परिषद् का 21वाँ राष्ट्रीय अधिवेशन जयपुर में 30 जुलाई को डॉ. हुकमचन्दजी भारिल्ल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। अधिवेशन के प्रथम सत्र में निवर्तमान राष्ट्रीय कार्यकारिणी एवं साधारण सभा की बैठक में चुनाव अधिकारी श्री अनूपचन्दजी एडवोकेट, फिरोजाबाद ने सर्व सम्मति से डॉ. हुकमचन्दजी भारिल्ल के अध्यक्ष पद पर चुने जाने की घोषणा की। सभी ने करतल ध्वनि से नवनिर्वाचित अध्यक्ष का स्वागत किया। इस अवसर पर नई कार्यकारिणी का गठन हुआ।

द्वितीय सत्र में सम्पन्न हुई बैठक में नई कार्यकारिणी के सदस्यों ने पदाधिकारियों का चयन किया। नवीन कार्यकारिणी का गठन निम्न प्रकार किया गया -

अध्यक्ष : डॉ. हुकमचन्द भारिल्ल जयपुर, **कार्याध्यक्ष:** डॉ. सुदर्शनलाल जैन वाराणसी, **उपाध्यक्ष :** पं. विमलकुमारजी सोंरया टीकमगढ़, **महामंत्री :** डॉ. सत्यप्रकाश जैन दिल्ली, **मंत्री :** डॉ. राजेन्द्रकुमार बंसल अमलाई, **संगठन मंत्री :** श्री अनूपचन्द जैन एडवोकेट फिरोजाबाद, **प्रचार व प्रकाशन मंत्री :** श्री अखिल बंसल जयपुर, **कोषाध्यक्ष :** डॉ. अशोक गोयल शास्त्री दिल्ली, **पुरस्कार समिति संयोजन :** पण्डित रतनचन्द भारिल्ल जयपुर ।

कार्यकारिणी सदस्य : ब्र. यशपाल जैन जयपुर, डॉ. एस.पी. पाटिल सांगली, डॉ. नन्दलाल जैन रीवा, डॉ. ऋषभचन्द फौजदार वैशाली (बिहार), डॉ. लालचन्द जैन भुवनेश्वर (उड़ीसा), डॉ. पी.सी. जैन जयपुर, डॉ. उदयचन्द जैन उदयपुर, डॉ. बी.एल. सेठी झुंझुनूं, डॉ. प्रेमचन्द रांवका जयपुर, डॉ. कमलेश जैन जयपुर, पण्डित शान्तिकुमार पाटील जयपुर, श्री सतीश जैन (आकाशवाणी)दिल्ली, पं. राजकुमार शास्त्री बाँसवाड़ा ।

विशेष आमंत्रित सदस्य : डॉ. जीवन्धर होसपेटे बैंगलौर, डॉ. पी.आर. जोडहट्टीधारवाड (कर्ना.), पं. रतनचन्द कोटी इण्डी (महा.), श्री मनोहर मारवडकर नागपुर, श्री मिलापचन्द डण्डिया जयपुर, डॉ. निर्मला सांघी जयपुर ।

अधिवेशन का शुभारंभ श्री हीरालालजी बोहरा ने मंगलाचरण द्वारा किया। मुख्य वक्ताओं में सर्वश्री पण्डित रतनचन्दजी भारिल्ल, डॉ. सुदर्शनलाल जैन, डॉ. राजेन्द्रकुमार बंसल, डॉ. सत्यप्रकाश जैन तथा डॉ. ऋषभचन्द फौजदार आदि प्रमुख थे। डॉ. भारिल्ल ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में नियमित स्वाध्याय एवं सदाचार युक्त जीवन जीने की प्रेरणा देते हुए भगवान महावीर द्वारा प्रतिपादित तत्त्वज्ञान को जन-जन तक पहुँचाने का आह्वान किया।

अधिवेशन में दिल्ली के पूर्व प्राचार्य श्री कुन्दनलाल जैन को उनकी अनुपस्थिति में गणेशप्रसाद वर्णी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पुरस्कार में 5,000 रुपये नगद, प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह, शॉल एवं श्रीफल भेंट किया गया। पुरस्कार उनके पुत्र श्री राजेश जैन ने ग्रहण किया। ध्यान रहे यह पुरस्कार डॉ. हुकमचन्द भारिल्ल चेरिटेबल ट्रस्ट मुम्बई के सहयोग से विद्वत्परिषद द्वारा दिया जाता है। इस अवसर पर समन्वयवाणी जिनागम शोध संस्थान द्वारा प्रकाशित डॉ. राजेन्द्र बंसल की कृति 'अष्टपाहुड : एक अध्ययन' का विमोचन किया गया।

अधिवेशन में अनेक प्रस्ताव पारित किए गए तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की गई। सभा का संचालन श्री अखिल बंसल ने किया।

२९ वाँ आध्यात्मिक शिक्षण-शिविर सानन्द सम्पन्न

श्री कुन्दकुन्द कहान दि. जैन तीर्थसुरक्षा ट्रस्ट, मुम्बई द्वारा ज्ञानतीर्थ श्री टोडरमल स्मारक भवन में दिनांक 23 जुलाई से 1 अगस्त, 06 तक आध्यात्मिक शिक्षण-शिविर का आयोजन किया गया।

इस 29 वें शिविर का उद्घाटन समारोह दिनांक 23 जुलाई, 06 को हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री विमलकुमारजी जैन, नीरु केमिकल्स दिल्ली ने की। इस अवसर पर डॉ. हुकमचन्दजी भारिल्ल जयपुर, डॉ. उत्तमचन्दजी सिवनी आदि विद्वान एवं विशिष्ट अतिथि उपस्थित थे।

शिविर का उद्घाटन श्री प्रेमचन्दजी बजाज कोटा ने तथा शिविर मण्डप का उद्घाटन श्री निहालचन्दजी जैन (ओसवाल इण्डस्ट्रीज) जयपुर द्वारा किया गया। ध्वजारोहण श्री नरेशकुमारजी मगनलालजी दोशी, कोचीन द्वारा किया गया।

मंचासीन उपरोक्त समस्त अतिथियों का तीर्थसुरक्षा ट्रस्ट के ट्रस्टी श्री सुमनभाई दोशी राजकोट एवं श्री अमृतभाई मेहता फतेपुर ने तिलक लगाकर, माल्यार्पण से स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन ब्र.जतीशचन्दजी शास्त्री ने किया।

प्रतिदिन आध्या. सत्पुरुष गुरुदेवश्री कानजीस्वामी के टेप व सी.डी. प्रवचन के अतिरिक्त बाबू जुगलकिशोरजी 'युगल' कोटा के नियमसार, डॉ. हुकमचन्दजी भारिल्ल जयपुर के समयसार एवं डॉ. उत्तमचन्दजी जैन सिवनी के मोक्षमार्गप्रकाशक एवं समयसार पर मार्मिक प्रवचन हुये। पण्डित अनिलजी भिण्ड के प्रवचन का लाभ भी मिला।

शिविर में पण्डित रतनचन्दजी भारिल्ल जयपुर द्वारा सम्यक्त्व सन्मुख मिथ्यादृष्टि प्रकरण, ब्र. जतीशचन्दजी शास्त्री सनावद द्वारा छहढाला, ब्र. यशपालजी जैन बेलगांव द्वारा मिश्रभाव, पण्डित शांतिकुमारजी पाटील जयपुर द्वारा चार अभाव, पण्डित प्रदीपकुमारजी झांझरी उज्जैन द्वारा 47 शक्तियाँ, पण्डित संजीवकुमारजी गोधा जयपुर द्वारा परमभाव प्रकाशक नयचक्र, पण्डित मनीषकुमारजी शास्त्री रहली द्वारा तत्त्वार्थसूत्र विषय पर विशेष कक्षाये संचालित की गई।

शिविर के आमंत्रणकर्त्ता स्व. श्री राजमलजी पाटनी की स्मृति में उनकी धर्मपत्नी श्रीमती रतनदेवी व सुपुत्र श्री अशोक पाटनी कोलकाता, श्री लखमीचन्दजी शिखरचन्दजी जैन, विदिशा, डॉ. अरविन्दभाई दोशी गोंडल एवं श्री चिद्रूप-दिलीप शाह मुम्बई थे तथा श्री सिद्ध परमेष्ठी **विधान के आयोजनकर्त्ता** श्री बाबूलालजी सुखलालजी पंचोली थांदला, श्री सिद्धार्थकुमारजी दोशी रतलाम, श्री गोपीलाल बाबूलालजी जैन कुम्भराज, श्री सरदारमलजी बैरसिया एवं श्री अनिलजी जैन हिसार थे।

30 जुलाई को श्री कुन्दकुन्द कहान दि. जैन तीर्थसुरक्षा ट्रस्ट की सलाहकार समिति के अधिवेशन की अध्यक्षता बाबू जुगलकिशोरजी 'युगल' ने की। उद्घाटन श्री प्रदीपकुमारजी चौधरी किशनगढ़ ने किया।

इस शिविर में महाविद्यालय के पूर्व स्नातक जो डॉक्टरेट (पीएच. डी.) की उपाधि प्राप्त कर चुके हैं, उनके दोपहर एवं रात्रि में उनके द्वारा किये गये शोध विषय पर ही व्याख्यान हुए, जिसमें डॉ. महावीरप्रसादजी शास्त्री उदयपुर, डॉ. श्रीयांसकुमारजी सिंघई जयपुर, डॉ. दीपकजी जैन जयपुर, डॉ. नरेन्द्रकुमारजी जैन जयपुर, डॉ. योगेशकुमारजी जैन अलीगंज, डॉ. वीरसागरजी जैन दिल्ली, डॉ. सुदीपकुमारजी दिल्ली, डॉ. राकेशजी जैन अलीगढ का लाभ मिला।

दशलक्षण महापर्व पर धर्मप्रभावना हेतु कहाँ-कौन ?

पण्डित टोडरमल स्मारक ट्रस्ट द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी दशलक्षण महापर्व में समाज के आमंत्रण पर तत्त्वप्रचारार्थ विद्वान भेजे जा रहे हैं। 28 अगस्त 2006 से प्रारम्भ हो रहे इस महापर्व हेतु दिनांक 12 अगस्त 2006 तक हमारे पास 508 स्थानों से आमंत्रण प्राप्त हो चुके हैं तथा अभी भी अनेक स्थानों से आमंत्रण आ रहे हैं।

